Press Release

TATA POWER-DDL

**सोमवार, 22 अप्रैल, 2024** **तत्काल प्रकाशन हेतु**

**नई दिल्ली**

# टाटा पावर-डीडीएल ने की श्री गजानन एस काले को चीफ एग्जीक्युटिव ऑफिसर नियुक्त करने की घोषणा

नॉर्थ दिल्ली में 70 लाख की आबादी को बिजली सप्लाई करने वाली अग्रणी पावर यूटिलिटी टाटा पावर-डीडीएल ने आज श्री गजानन संपतराव काले को कंपनी का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (चीफ एग्जीक्युटिव ऑफिसर/सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की है। उनकी नियुक्ति 19 अप्रैल, 2024 से प्रभावी हो गई है।

**श्री काले की नियुक्ति के बारे में डॉ प्रवीर सिन्हा, सीईओ एवं एमडी, टाटा पावर ने कहा,** *"मैं श्री गजानन का टाटा पावर-डीडीएल के नए सीईओ के तौर पर स्वागत करता हूं। बिजली वितरण के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले श्री काले निश्चित ही टाटा पावर-डीडीएल को कामयाबी की नई बुलंदियों पर ले जाएंगे।"*

टाटा पावर-डीडीएल से पहले श्री काले 2021 से 2024 के दौरान, टीपी वेस्टर्न ओडिशा डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) में चीफ एग्जीक्युटिव ऑफिसर रह चुके हैं। उन्होंने 2018 से 2020 तक टाटा पावर अजमेर डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टीपीएडीएल) में सीईओ के पद पर काम किया। श्री काले 2003 से ही टाटा पावर ग्रुप के साथ हैं। टाटा पावर-डीडीएल में उनकी नई नियुक्ति कंपनी में उनकी दूसरी पारी की शुरुआत है। इससे पहले, वह कंपनी में ऑपरेशंस एवं कमर्शियल वर्टिकल्स से जुड़े थे जहां उन्होंने ऑपरेशंस ट्रांसफॉर्मेशन, नेटवर्क रीवेम्पिंग, बिजनेस प्रोसेस रीइंजीनियरिंग ऑफ रेवेन्यू मैनेजमेंट, तथा रिसोर्स प्लानिंग एवं मैनेजमेंट में कई प्रमुख प्रोजेक्ट्स का नेतृत्व किया।

श्री काले ने भोपाल स्थित बीएचईएल से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी और इसके अलावा, वह सैंट्रल रेलवे नागपुर डिवीजन तथा दिल्ली विद्युत बोर्ड/टाटा पावर-डीडीएल में विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं।

**श्री संजय बांगा**, **प्रेसीडेंट (टी एंड डी)**, **टाटा पावर** ने उनकी नियुक्ति पर बधाई देते हुए कहा, *"गजानन डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर में अनुभवी प्रोफेशनल हैं जिनके पास अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड है। मुझे पूरा यकीन है कि उनके नेतृत्व में टाटा पावर-डीडीएल इंडस्ट्री में नए बेंचमार्क रचेंगे।"*

टाटा पावर-डीडीएल में सीईओ की अपनी नई भूमिका के बारे में **श्री जी एस काले ने कहा**, *"मैं टाटा पावर-डीडीएल से जुड़कर खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं। टाटा पावर-डीडीएल ने पावर डिस्ट्रिब्यूशन सैक्टर में उन्नत और उत्कृष्ट टैक्नोलॉजी की शानदार परंपरा स्थापित की है। और मैं इस परंपरा को आगे जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं। टाटा पावर-डीडीएल की प्रतिभाशाली टीम के साथ मिलकर, मैं ग्रोथ, इनोवेशन को आगे बढ़ाते हुए कंपनी के उपभोक्ताओं तथा हितधारकों को बेहतरीन मूल्य का लाभ दिलाने को लेकर उत्सुक हूं।"*

श्री काले के पास नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, नागपुर यूनीवर्सटी से इंटीग्रेटेड पावर सिस्टम्स में एम टैक की डिग्री है। उन्होंने अमरावती यूनीवर्सटी से इलैक्ट्रिकल पावर सिस्टम्स में ग्रेजुएशन किया था। इनके अलावा, श्री काले के पास एमबीए (फाइनेंस) की डिग्री भी है। वह आईआईएम अहमदाबाद से एडवांस मैनेजमेंट प्रोग्राम भी कर चुके हैं।

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का ज्वाइंट वेंचर है। कंपनी नॉर्थ दिल्ली में करीब 7 मिलियन की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधारों के स्तर पर अग्रणी है और इसे उपभोक्ता केंद्रित व्यवहारों के लिए जाना जाता है। निजीकरण के बाद से टाटा पावर-डीडीएल के वितरण इलाकों में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी आयी है। और सभी वर्टिकल्स में एडवांस्ड टैक्नोलॉजी अपनाकर बिजली वितरण के परिदृश्य में व्यापक बदलाव लया है। वर्तमान में एटीएंडसी नुकसान 5.9% है, जिसमें जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती नुकसान में अप्रत्याशित कमी आई है। टाटा पावर-डीडीएल के बारे में और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com

For further information please contact:

| Corporate Communications: | Slough PR: |
|---|---|
| Sonia Sarin (9910292599) | Abhishek Anand (9711061540) |